उत्तर– सही (True)।

◉ अतिलघु उत्तरीय प्रश्नोत्तर

1 अनुपालन क्या है ? (What is Compliance ?)

उत्तर– अनुपालन में ऐसी बाह्य स्थितियाँ होती हैं जो व्यक्ति को अन्य महत्त्वपूर्ण व्यक्तियों के प्रभाव को स्वीकार करने के लिए बाध्य करती हैं।

2 प्राथमिक समूह किसे कहते हैं ? (What is called primary group ?)

उत्तर–प्राथमिक समूह पूर्व-विद्यमान निर्माण होते हैं, जो प्रायः व्यक्ति को प्रदत्त किया जाता है।

3 'संदर्भ समूह' किसे कहते हैं ? (What is called 'reference groups' ?)

उत्तर– वैसा समूह, जिसकी सदस्यता प्राप्त करने की, व्यक्ति में तीव्र इच्छा होती है और ऐसी सदस्यता व्यक्ति को प्राप्त हो या न हो– उसका प्रभाव व्यक्ति पर पड़ता है, संदर्भ समूह कहलाता है।

4 अंतःसमूह संघर्ष क्या है ? (What is inter-group conflict ?)

उत्तर– समूहों में लोग भिन्न-भिन्न आवश्यकताओं और कारणों से सम्मिलित होते हैं। अतः जब उनकी पारस्परिक आवश्यकताएँ टकराती हैं तो अंतःसमूह संघर्ष होता है जो अपने समूह के भीतर अथवा दो समूहों के बीच दोनों तरह का हो सकता है। यह स्थिति आवश्यकताओं/लक्ष्यों के मानक से विपरीत या विरुद्ध होने पर उत्पन्न होती है।

5 समूह ध्रुवीकरण किसे कहते हैं ? (What is called group polarisation ?)

उत्तर– समूह में अंतःक्रिया और विचार-विमर्श के परिणामस्वरूप समूह की प्रारंभिक स्थित की प्रबलता या मजबूती को समूह ध्रुवीकरण कहा जाता है।

Scanned by CamScanner